# महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर

## द्वितीय दीक्षांत समारोह में वितरित किये जाने वाले स्वर्ण पदक क्रय की निविदा की शर्ते

1. प्रत्येक स्वर्ण पदक 1.5 इंच व्यास का होना चाहिए ।
2. पदक के ऊपर रिंग का हुक भी अलग से लगा होना चाहिए ।
3. स्वर्ण पदक में 22 ग्राम चांदी (रिंग सहित ) का उपयोग होना चाहिए ।
4. चांदी की शुद्धता 99.50 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए ।
5. स्वर्ण पदक पर विधिवत् स्वर्ण पालिश की हुई होनी चाहिए ।
6. प्रत्येक पदक के एक तरफ विश्वविद्यालय का मोनोग्राम डाई के द्वारा बनेगा । पदक के दूसरी तरफ गोल घेरे में विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक, प्रथम स्थान डाई के द्वारा बनेगा । शेष चार आईटम कक्षा का नाम, विषय का नाम, छात्र/छात्रा का नाम एवं वर्ष का अंकन खुदाई द्वारा करना होगा ।
7. आपुर्ति किये गये पदकों में से किसी एक पदक में प्रयुक्त धातु की जांच मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से करवाई जावेगी ।
8. प्रयोगशाला जांच हेतु पदक विश्वविद्यालय द्वारा प्रयोगशाला को भिजवाया जावेगा । निर्धारित शुद्धता/मानदण्डो के अनुसार पाये जाने पर व्यय विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जावेगा अन्यथा यह व्यय फर्म को वहन करना होगा ।
9. पदक में लगी चांदी का भार चांदी की शुद्धता तथा उस पर लगी सोने की पॉलिश की शुद्धता में यदि कोई कमी पाई गई तो विश्वविद्यालय द्वारा लगाई गई शास्ती अंतिम होगी ।
10. प्रत्येक पदक एक अलग उच्च किस्म के प्लास्टिक बोक्स ( With velvet having a hook inside the box) में संकाय वाईज हरे, पीले, नीले रंग के रीबन सहित आपूर्ति करनी होगी।
11. **<u>निविदा दाता द्वारा निविदा प्रपत्र में अंकित दर ही अन्तिम दर मानी जायेगी ।</u>**
12. विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित नमूने के अनुरूप आदेश जारी होने के 15 दिवस में आपूर्ति करनी होगी ।
13. आपूर्ति कर्ता को दरों, गुणवत्ता, आपूर्ति अवधि आदि के लिए अनुबंध करना होगा ।
14. निविदा के लिफाफे के ऊपर **<u>द्वितीय दीक्षांत समारोह गोल्ड मेडलं निविदा</u>** अंकित किया जावे।
15. दरों की इकाईयों में किसी भी स्थिति में परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए और दरें अंको के साथ शब्दों में अवश्य लिखी जानी चाहिए।

16 निविदा उन फर्मो/ व्यापारियों द्वारा दी जानी चाहिए जो या तो उन वस्तुओं/सामान/साज–सज्जा/मशीनों आदि के लिए रजिस्टर्ड/अनुमोदित प्रदायक हैं या उनके द्वारा जो उस सामान का, जिसके लिए निविदा दी जा रही हैं वास्तव में रजिस्टर्ड व्यवसायी के रूप में व्यवसाय कर रहे हों , दी जानी चाहिए ।

17. फर्म को पदक की आपूर्ति विश्वविद्यालय भण्डार में देनी होगी, आपूर्ति के दौरान किसी प्रकार की क्षति/हानी/दुर्धटना आदि के लिए निविदादाता स्वय उत्तरदायी होगा ।

18. निविदादाता अपनी निविदा अथवा उसके सारमूल के किसी भाग को न तो किसी एजेन्सी को सोंप सकेगा और न ही किसी को आगे निविदा पर दे सकेगा ।

19 विश्वविद्यालय के प्राधिकृत प्रतिनिधि किसी भी समय पर प्रदायक के भूग्रह आदि में जा सकेगा और किसी भी समय पर पदक की जांच और परीक्षा करने के लिए सक्षम होगा । निविदाकार को आपने कार्यालय,गोदाम,वर्कशाप एवं उस व्यक्ति का नाम व पूरा पता देना होगा ताकि सम्पर्क स्थापित किया जा सकें ।

